# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-10

द्वितीय (बजट) सत्र
मंगलवार, दिनांक-17 मार्च, 2020 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.07 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

### 1.विविध चर्चायें:-

i- माननीय सदस्य, श्री लोबिन हेम्ब्रम द्वारा सत्तापक्ष की लॉबी मे नल से पानी नही आने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया,

ii- माननीय सदस्य, श्री बंधु तिर्की द्वारा सी.ए.ए. तथा एन.पी.आर. की तुलना कोरोना वायरस से करते हुए आसन से अनुरोध किया गया कि इसपर सदन मे विशेष चर्चा कराकर इसके विरूद्ध प्रस्ताव पारित कर केन्द्र को भेजा जाय इसपर विपक्ष के माननीय सदस्यो द्वारा सदन मे शोरगुल किया जाने लगा,

iii- माननीय सदस्य, श्री सरयू राय ने सदन मे लगाये गये अशोक स्तंभ की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध किया कि बिना सरकार द्वारा अंगीकार किये राष्ट्रीय चिह्नो का उपयोग किया जाना संविधान के प्रतिकूल है, अतएव सरकार चलते सत्र मे इसे अंगीकार करने की व्यवस्था करे,

iv- माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह ने अन्य विधान सभाओं की भाँति झारखण्ड विधान सभा का भी अपना लोगो बनाये जाने हेतु आसन से अनुरोध किया।

### 2.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा दिनांक-23 जनवरी, 2020 को लोहरदगा मे नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन मे स्थानीय प्रशासन की अनुमति से निकाले गये शांतिपूर्ण जुलूस पर पथराव कर हिंसा फैलाये जाने सम्बन्धी कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना को आसन द्वारा पढ़ा गया तत्पश्चात् इसके नियमानुकूल नही होने के कारण अमान्य कर दिया गया। जिसके विरोधस्वरूप भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य अपने हाथों मे स्लोगनयुक्त पोस्टर लेकर नारेबाजी करते हुए सदन की वेल मे आ गये इस क्रम मे पक्ष-विपक्ष के सदस्यो मे नोकझोंक भी हुई।

### 3.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-16

(क) उत्तरित कुल-04, अ० सू०-94 श्री किशुन कुमार दास, स० वि० स०,

क्र० पृ०उ०

अ० सू०-95 श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, स० वि० स०,
(आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री राजेश कच्छप द्वारा उक्त प्रश्न पूछा गया।)
अ० सू०-96 श्री भानु प्रताप शाही, स० वि० स०,
अ० सू०-97 श्री कमलेश कुमार सिंह, स० वि० स०।

(ख) स्थगित मात्र-01, अ० सू०-93 श्री सरयू राय, स० वि० स०।
(ग) अनागत मात्र-11, अ० सू०-98 से अ० सू०-108 तक।

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-67**

(क) उत्तरित कुल-02, तारां०-330 श्री उमाशंकर अकेला, स० वि० स०,
तारां०-331 श्री नवीन जयसवाल, स० वि० स०।
(ख) स्थगित मात्र-01, तारां०-332 श्री केदार हजरा, स० वि० स०।
(ग) अनागत कुल-64, तारां०-333 से तारां०-396 तक।

## 4.शून्यकाल:-

आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री किशुन कुमार दास,
श्री उमाशंकर अकेला,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री निरल पुरती,
श्री रामदास सोरेन,
श्री केदार हजरा,
श्री बिनोद कुमार सिंह,
श्री बिरंची नारायण,
श्री लोबिन हेम्ब्रम,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री कोचे मुण्डा,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री नारायण दास,
श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता,
श्री इरफान अंसारी,
श्री राज सिन्हा,
श्री भूषण बाड़ा,
श्री भूषण तिर्की,
श्री समीर कुमार महांती,
श्री कुशवाहा शशि भूषण मेहता,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री समरीलाल,

श्री अमित कुमार मंडल,

श्री बंधु तिर्की। इसके उपरांत सर्वश्री प्रदीप यादव, रामचन्द्र चन्द्रवंशी, मथुरा प्रसाद महतो, आलोक कुमार चौरसिया एवं श्री रामचन्द्र सिंह द्वारा दिये गये शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ माना गया।

## <u>5.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना</u>:-

i- माननीय सदस्या, डॉ० नीरा यादव एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii- माननीय सदस्या, श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iv- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसे स्थगित रखा गया।

## <u>6.आसन से घोषणा</u>:-

आसन से निम्न घोषणा की गयी-

''नेता विधायक दल, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अनुरोध के आलोक मे पंचम् झारखण्ड विधान सभा में श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी, स०वि०स० को भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (सत्तारूढ़ दल) का उप मुख्य सचेतक एवं श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, स०वि०स० को भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (सत्तारूढ़ दल) को सचेतक के रूप मे मान्यता प्रदान करता है।''

## <u>7.वित्तीय कार्य</u>:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री, श्रीमती जोबा माँझी द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के आय-व्ययक मे सम्मिलित अनुदानो की माँगो खण्ड-(05) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण प्रभाग), अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण प्रभाग) तथा महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की माँगे सभा मे प्रस्तुत की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## <u>8.वित्तीय कार्य(क्रमांक-7 से जारी)</u>:-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी तदुपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी इसमे भाग लिया-

श्री लोबिन हेम्ब्रम,
श्री केदार हाजरा,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री बंधु तिर्की।

(इस अवसर पर सरकार के उत्तर पर्यन्त सभा का समय विस्तारित किया गया।)

क्र० पृ०उ०

इसके बाद सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्रीमती जोबा माँझी द्वारा उत्तर दिया गया। वित्तीय वर्ष-2020-21 के आय-व्ययक मे सम्मिलित अनुदानों की माँगों खण्ड-(05) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण प्रभाग), अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण प्रभाग) तथा महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की माँगें सभा द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुई और माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह ने अपना कटौती का प्रस्ताव वापस लिया।

**तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक-18मार्च, 2020 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिये स्थगित की गयी।**

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 17 मार्च, 2020ई०।